University in News on 29 December 2023

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

बीएड के लिए पांच तक खुला एलयूआरएन पोर्टल

बुंदेलखंड विवि में नवंबर तक प्रवेश होने के कारण विद्यार्थियों के अनुरोध पर लखनऊ विवि ने लिया निर्णय

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-24 में बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए पांच जनवरी तक लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) पोर्टल खोल दिया है। अभ्यर्थी उक्त अवधि में पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अनुमति के बाद रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को इस संबंध में आदेश जारी किया।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2023 में 27 नवंबर तक विद्यार्थियों को प्रवेश दिया है। इस क्रम में लविवि संबद्ध जिलों लखीमपुर खीरी, लखनऊ, सीतापुर, हरदोई और रायबरेली के ऐसे सहयुक्त कॉलेज जिनमें बीएड पाठ्यक्रम संचालित हैं, अभ्यर्थियों के अनुरोध पर

तीसरी बार खुलेगा पोर्टल

लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक में प्रवेश समाप्त होने के बाद 22 सितंबर को एलयूआरएन पोर्टल बंद कर दिया था। इसके बाद विद्यार्थियों के अनुरोध पर विवि ने पोर्टल खोला था। इसके साथ बीएड के अभ्यर्थियों के लिए बीच में एक बार और पोर्टल खोला गया था। अब इस बार फिर विद्यार्थियों को अंतिम मौका देते हुए पंजीकरण के लिए पोर्टल खोला गया है।

कुलपति ने एलयूआरएन पोर्टल पर पंजीकरण कराने की तिथि बढ़ा दी है। जिन कॉलेजों ने प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का डाटा लविवि के प्रवेश विभाग को भेजा है, उनके विद्यार्थियों के मोबाइल नंबर पर पंजीकरण के लिए लिंक भेज दिया गया है। अभ्यर्थी लिंक के माध्यम से पंजीकरण कर सकेंगे। गौरतलब है कि लविवि ने इसी सत्र से प्रवेश के लिए एलयूआरएन पंजीकरण अनिवार्य किया है।

बीए और बीएससी के परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लविवि ने बृहस्पतिवार को बीए और बीएससी प्रथम सेमेस्टर के कई विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर जाकर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम डाउनलोड कर सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने इस संबंध में पत्र जारी करते हुए जानकारी दी। परीक्षा विभाग की ओर से जिन पाठ्यक्रमों का कार्यक्रम घोषित किया गया है उसमें बीए अंग्रेजी, संस्कृत, सोशल वर्क, साइकोलॉजी, एमआईएच, इकनामिक्स, हिंदी, एजुकेशन, पॉलिटिकल साइंस व ड्राइंग और पेंटिंग के पहले व दूसरे पेपर का कार्यक्रम शामिल है। इसके अलावा बीएससी पहले सेमेस्टर में बीएससी गणित, केमिस्ट्री, जूलॉजी एवं जियोलॉजी के पहले व दूसरे पेपर का परीक्षा कार्यक्रम शामिल है। इसके अलावा एमए व एमएससी पहले व तीसरे सेमेस्टर के कई कोर्सों का कार्यक्रम जारी किया गया है। (संवाद)

रोग प्रबंधन के लिए विद्यार्थी सीखेंगे योग

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा संकाय में विद्यार्थियों को फिटनेस और रोग प्रबंधन के लिए योग सिखाया जाएगा। प्रत्येक कार्य दिवस में विशेषज्ञों की निगरानी में विद्यार्थियों के लिए योग अभ्यास की कक्षाएं संचालित होंगी।

योगाभ्यास सत्र के लिए परास्नातक स्तर पर विशेषज्ञों को 800 रुपये और स्नातक व डिप्लोमा स्तर के विद्यार्थियों के लिए 600 रुपये भुगतान किए जाएंगे।

विवि के योग विभाग में चार अक्तूबर को बीओएस बैठक में विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम के अतिरिक्त प्रतिदिन योग अभ्यास सत्र

लविवि में प्रत्येक कार्य दिवस में कक्षाओं के अतिरिक्त विशेषज्ञ सिखाएंगे योग

जो एक घंटे के लिए होगा, इसका प्रस्ताव पास हुआ था। इसे अब कार्यपरिषद से अनुमोदन मिल गया है।

योग फैकल्टी समन्वयक डॉ. अमरजीत यादव के मुताबिक, इस गतिविधि के शुरू होने से छात्र-छात्राओं में योग के प्रति एक नया दृष्टिकोण विकसित होगा। इस सत्र में विद्यार्थियों को स्पेशलाइज्ड योग प्रैक्टिस दी जाएगी। आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बंद और षटकर्म सिखाया जाएगा। योग प्रैक्टिस में संकाय योग बीए, बीएससी, एमए, एमएससी और पीजी डिप्लोमा के विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकेंगे।

16 छात्रों को मिली नौकरी

लखनऊ। लविवि की सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 16 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इन्हें सालाना 5.6 लाख रुपये का पैकेज मिलेगा।

प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि विद्यार्थी रियल्टी असिस्टेट प्राइवेट लिमिटेड में सेल्स एग्जीक्यूटिव पद पर सेवा देंगे। चयनितों में बीटेक से वरीशा राहत, अंजलि सिंह, नैन्सी नेगी, अश्वनी निगम, अनुष्का सिंह, समृद्धि श्रीवास्तव, आकांक्षा सिंह, दीपाली सिंह, अनिल कुमार व अहद अली, एमबीए (आईएमएस) के आयुष वर्मा, शिवानी प्रजापति, रितिक कुमार धुसिया व महिमा सिंह और एमबीए (लुम्बा) के हर्ष मिश्रा व नोमान अख्तर शामिल हैं। (संवाद)

अवंतिका को फेलोशिप

लखनऊ। लविवि के विज्ञान संकाय में एमएससी बायोकेमिस्ट्री की छात्रा अवंतिका बाजपेई का चयन आईसीएमआर जेआरएफ फेलोशिप के लिए हुआ है। वह पाठ्यक्रम के तीसरे सेमेस्टर की छात्रा हैं। उन्हें कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और डीएसडब्ल्यू प्रो. संगीता साहू ने शुभकामनाएं दीं। (संवाद)

NBT PAGE 4

बीएड स्टूडेंट्स 5 जनवरी तक करा सकेंगे LURN पर पंजीकरण

■ एनबीटी, लखनऊः संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2023 के आयोजक बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी ने 27 नवंबर तक प्रवेश लिए हैं। इससे पहले एलयू ने पंजीकरण के लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर(LURN) बंद कर दिया था। इसके चलते बीएड के अधिकांश स्टूडेंट्स पंजीकरण नहीं करा सके हैं। कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बीएड स्टूडेंट्स के लिए पोर्टल 5 जनवरी तक रात 12 बजे तक खोला जा रहा है।

प्रैक्टिकल 23 व 24 को

एलयू के डिपार्टमेंट ऑफ स्टैटिस्टिक्स के प्रो. मसूद एच सिद्दीकी ने एमए/एमएससी थर्ड सेमेस्टर के स्टैटिस्टिक्स प्रैक्टिकल की डेट गुरुवार को जारी कर दी। प्रो मसूद ने बताया कि एमए/एमएससी थर्ड सेमेस्टर के प्रैक्टिकल 23 जनवरी सुबह 11 से दोपहर 2 बजे के बीच व एमए/एमएससी फर्स्ट सेमेस्टर के प्रैक्टिकल 24 जनवरी सुबह 11 से दोपहर 2 बजे के बीच स्टैटिस्टिक्स डिपार्टमेंट में होंगे।

HINDUSTAN PAGE 6

विशेषज्ञ छात्रों को योगाभ्यास सिखाएंगे

फिटनेस

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में अब विशेषज्ञों की निगरानी में योगाभ्यास सिखाया जाएगा। इस सत्र के लिए पीजी स्तर पर विशेषज्ञों को 800 रुपये और स्नातक व डिप्लोमा स्तर के विद्यार्थियों के लिए 600 रुपये भुगतान किए जाएंगे। मंगलवार को कार्य परिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया है।

एलयू के योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा संकाय में विद्यार्थियों को फिटनेस और रोग प्रबंधन के लिए योग सिखाया जाएगा। इन कक्षाओं का आयोजन हर कार्य दिवस में विशेषज्ञों की निगरानी में होगा। योग संकाय के

समन्वयक डॉ. अमरजीत यादव का कहना है कि इस गतिविधि के शुरू होने से छात्र-छात्राओं में योग के प्रति एक नया दृष्टिकोण विकसित होगा। इसमें उन्हें आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बंद और षटकर्म सिखाया जाएगा। जानकारी के अनुसार बता दें कि योग प्रैक्टिस में योग संकाय के यूजी, पीजी व पीजी डिप्लोमा के विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकेंगे।

बीए, बीएससी के कई कोर्स का परीक्षा कार्यक्रम जारी

एलयू में बीए और बीएससी प्रथम सेमेस्टर के कई विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर गया। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर जाकर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने पत्र जारी कर दिया है। बीए अंग्रेजी, संस्कृत, समाज कार्य, समाजशास्त्र, एमआईएच, अर्थशास्त्र, हिंदी, शिक्षाशास्त्र, राजनीति विज्ञान और ड्राइंग एवं पेंटिंग का परीक्षा कार्यक्रम जारी हुआ। बीएससी प्रथम सेमेस्टर में गणित, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान एवं भूगर्भ विज्ञान का कार्यक्रम भी घोषित किया गया है।

बीएड छात्रों के लिए पांच तक एलयूआरएन खुला

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएड छात्र-छात्राओं के लिए एलयूआरएन पोर्टल खोल दिया है। इससे वह आसानी से पांच जनवरी तक पंजीकरण कर सकेंगे। इस संबंध में कुलसचिव की ओर से पत्र भी जारी कर दिया गया है।

एलयू प्रशासन ने सत्र 2023-24 में नव प्रवेशित बीएड विद्यार्थियों के पंजीकरण के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) पोर्टल खोल दिया है। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने गुरुवार को आदेश भी जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड के आयोजक बुंदेलखंड विवि, झांसी द्वारा 27 नवंबर तक प्रवेश दिए। जिससे बीएड विद्यार्थियों का पंजीकरण नहीं हो सका है। कॉलेजों ने कुलपति को पत्र लिखा था।

चुनौती मूल्यांकन का रिजल्ट जारी: बीटेक, एलएलबी पाठ्यक्रम के चुनौती मूल्यांकन का परीक्षाफल घोषित कर दिया है। विद्यार्थी एलयू की वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं।

एलयू के 16 विद्यार्थियों को पैकेज

लखनऊ। एलयू के अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 16 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि रियल्टी असिस्टेंट प्रा. लि. कंपनी में बीटेक के 10 विद्यार्थियों का वरीशा राहत, अंजलि सिंह, नैंसी नेगी, अश्वनी निगम, अनुष्का सिंह, समृद्धि श्रीवास्तव, आकांक्षा सिंह, दीपाली सिंह, अनिल कुमार व अहद का चयन अधिकतम 5 .6 लाख सालाना पैकेज पर हुआ।

AMRIT VICHAR PAGE 4

नकल करते पकड़े गए छात्र-छात्रा

लविवि परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में आयोजित परीक्षाओं में दो छात्र नकल सामग्री के साथ पकड़े गए। नकलचियों में एक छात्र और एक छात्रा शामिल हैं। दोनों की नकल सामग्री के साथ ए कॉपी सील करते हुए प्रशासनिक कार्रवाई की गई है।

लखनऊ विवि दो पालियों में परीक्षाओं के आयोजन कर रहा है। ऐसे में संबद्ध महाविद्यालयों में परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। गुरुवार को दो पालियों में आयोजित परीक्षाओं में एक लाख 37 हजार 145 छात्र शामिल हुए। जिसमें दोनों पालियों में 66 हजार 568 छात्र थे।

छूटी परीक्षाओं को पुनः कराने के आदेश

अमृत विचार, लखनऊ : लविवि में छूटी परीक्षाओं को लेकर विवि प्रशासन की ओर से राहत दी गई है। ऐसे में परीक्षा नियंत्रक की ओर से पुनः परीक्षा कराने के आदेश दिये गये हैं। मामला बीए प्रथम सेमेस्टर की छूटी परीक्षाओं से जुड़ा हुआ है। इसमें अंग्रेजी, हिन्दी, समाजिक विज्ञान, राजनीति विज्ञान सहित अन्य विषय शामिल किये गये हैं। परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि प्रथम सेमेस्टर की छूटी परीक्षाएं 11 जनवरी से 19 जनवरी के बीच कराई जाएं। ऐसे में विषयवार तिथियों का निर्धारण भी किया गया।

23 व 24 को होंगी प्रयोगात्मक परीक्षाएं

अमृत विचार, लखनऊ : लविवि में प्रयोगात्मक परीक्षाएं 23 व 24 जनवरी को आयोजित की जाएंगी। पहले दिन एमए, एमएससी के तृतीय सेमेस्टर के छात्र परीक्षा में सम्मिलित होंगे। वहीं अगले दिन सेमेस्टर एक के छात्र शामिल होंगे। प्रयोगात्मक परीक्षाओं की जानकारी लविवि के प्रोफेसर मसूद ए सिद्दीकी द्वारा दी गई।

16 छात्रों का हुआ कैंपस चयन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के 16 छात्र-छात्राओं का कैंपस चयन किया गया। निजी कंपनियों ने प्लेसमेंट के माध्यम से वेतमान भी निर्धारित किया है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया है कि गुरुवार को काउंसलिंग प्रक्रिया के बाद बीटेक के 10 छात्र वरीशा राहत, अंजलि सिंह, नैन्सी नेगी, अश्वनी निगम, अनुष्का सिंह, समृद्धि श्रीवास्तव, आकांक्षा सिंह, दीपाली सिंह, अनिल कुमार एवं अहद अली का चयन हुआ। एमबीए संकाय के चार छात्र आयुष वर्मा, शिवानी प्रजापति, रितिक कुमार धुसिया एवं महिमा सिंह चुने गए। वहीं एमबीए (लुम्बा) के दो छात्र हर्ष मिश्रा एवं नोमान अख्तर का चयन भी सेल्स एक्जीक्यूटिव के पद पर हुआ। इनके वेतनमान भी निर्धारित हुए।

PIONEER PAGE 4

एलयू के 16 छात्र-छात्राओं का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लविवि के अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 16 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि रियल्टी असिस्टेंट प्रा लि कम्पनी में बीटेक के 10 छात्र.छात्राओं में वरीशा राहत, अंजलि सिंह, नैन्सी नेगी, अश्वनी निगम, अनुष्का सिंह, समृद्धि श्रीवास्तव, आकांक्षा सिंह, दीपाली सिंह, अनिल कुमार एवं अहद अली, एमबीए के 4 छात्र.छात्राओं में आयुष वर्मा, कु शिवानी प्रजापति, रितिक कुमार धुसिया एवं महिमा सिंह और एमबीए लुम्बा के 2 छात्रों हर्ष मिश्रा एवं नोमान अख्तर का चयन सेल्स एक्जीक्यूटिव के पद पर अधिकतम 5.6 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय एवं संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य हेतु आशीर्वाद दिया।

JAGRAN CITY PAGE IV

लवि : बीएड के लिए खोला एलयूआरएन पोर्टल

स्नातक प्रथम सेमेस्टर की इम्प्रूवमेंट परीक्षाएं 10 से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सहयुक्त महाविद्यालयों में बी.एड पाठ्यक्रम-2023-24 में प्रवेश के लिए पंजीकरण न कर पाने वाले छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत दी है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने पांच जनवरी को रात 12 बजे तक लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) पोर्टल खोल दिया है। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के अनुमोदन के बाद कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने गुरुवार को इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया।

लवि से संबद्ध लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली और लखीमपुर खीरी जिले में करीब 127 कालेजों में बी.एड पाठ्यक्रम संचालित है। इस बार बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड-2023 का आयोजन कर प्रवेश दिए हैं। इस पाठ्यक्रम में काफी छात्र-छात्राओं ऐसे हैं, जिनका एलयूआरएन पोर्टल पर पंजीकरण नहीं है। लवि ने इस बार प्रवेश के लिए इसे अनिवार्य किया था। पंजीकरण न हो पाने की वजह से बी.एड छात्र-छात्राएं कालेज में प्रवेश प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रहे। इसके लिए विद्यार्थियों एवं कालेजों ने लवि से एलयूआरएन पोर्टल खोलने का अनुरोध किया था। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के अनुमोदन के बाद पोर्टल पांच जनवरी तक खोल दिया गया है।

आठ को होगी बीकाम में वायवा की परीक्षा: लवि में बी.काम पांचवें सेमेस्टर (रेगुलर, सेल्फ फाइनेंस) में इंटर्नशिप प्रोजेक्ट रिपोर्ट की वायवा परीक्षा आठ जनवरी को सुबह 10 बजे से होगी। छात्र-छात्राओं को न्यू कामर्स ब्लाक में पहुंचना होगा। विस्तृत निर्देश वेबसाइट पर जारी किए गए हैं।

एक्सीलेंस सेंटर बना बीएनसीईटी: बीएन कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (बीएनसीईटी) लखनऊ ने साफ्टवेयर इंडिया कंप्यूटर टेक्नोलाजी प्राइवेट लिमिटेड से करार किया है। इस सेंटर पर अब छात्रों को नई टेक्नोलाजी की ट्रेनिंग दी जाएगी। यहां उच्च स्तर की इंटरनेट आफ थिंग्स लैब भी बनाई जा रही है, जहां 100 छात्र-छात्राएं ट्रेनिंग ले सकेंगे। संस्थान के महानिदेशक प्रो. उपमा मिश्रा और कंप्यूटर टेक्नोलाजी की सीईओ यशी अस्थाना ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया।

जारी जारी : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बी.ए. और बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर इम्प्रूवमेंट परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। पांचवें सेमेस्टर के तमाम छात्र-छात्राओं ने एक ही तिथि और समय में प्रथम सेमेस्टर की इम्प्रूवमेंट परीक्षा होने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए इसकी तिथि बदलने की मांग की थी। इसके लिए विश्वविद्यालय ने ऐसे छात्र-छात्राओं से 20 दिसंबर तक आवेदन भी लिए थे।

परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार बी.ए. प्रथम सेमेस्टर इम्प्रूवमेंट की परीक्षाएं 11 से 19 जनवरी तक दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगी। 11 जनवरी को अंग्रेजी/संस्कृत-1, 12 जनवरी को अंग्रेजी/संस्कृत-2 पेपर, 13 जनवरी को सोशल वर्क, सोशियोलाजी, एमआइएच (मेजर, माइनर)-1, 15 जनवरी को सोशल वर्क, सोशियोलाजी, एमआइएच (मेजर, माइनर)-2, 16 जनवरी को इकोनामिक्स, हिंदी (मेजर, माइनर)-1, 17 जनवरी को इसके द्वितीय पेपर की परीक्षा होगी। 18 जनवरी को एजुकेशन, पालिटिकल साइंस, ड्राइंग एंड पेंटिंग प्रथम व 19 जनवरी को द्वितीय पेपर की परीक्षा है।

बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर इम्प्रूवमेंट : 10 जनवरी को गणित-1, 11 जनवरी को केमिस्ट्री-1, 12 जनवरी को केमिस्ट्री-2 व 13 जनवरी को जूलाजी और जियोलाजी-1 पेपर की परीक्षा होगी।

पीजी के कई विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी : लवि ने गुरुवार शाम को परास्नातक के कई पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। एम.एससी इन्वायरमेंटल साइंस प्रथम सेमेस्टर (रेगुलर), एम.एससी बाटनी प्रथम सेमेस्टर और एम.एससी माइक्रो बायोलाजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 से 24 जनवरी तक होंगी। इन कोर्स के तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं नौ से 20 जनवरी तक होंगी। एम.ए साइकोलाजी की परीक्षाएं नौ से 17 जनवरी और तीसरे सेमेस्टर की आठ से 19 जनवरी तक आयोजित की जाएगी।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

बीएड के लिए पंजीकरण 5 तक खुला

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सहयुक्त बीएड महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत दी है। इस सम्बन्ध में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने गुरुवार को आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार विभिन्न सहयुक्त महाविद्यालयों और विद्यार्थियों के अनुरोध पर शैक्षणिक सत्र 2023-24 में मात्र बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेशित विद्यार्थियों के पंजीकरण के लिए 5 जनवरी को रात्रि 12 बजे तक खोले जाने की अनुमति दी है। बता दें कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2023 के आयोजक बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी की ओर से 27 नवम्बर तक दाखिला दिया गया है।

लविवि के 16 विद्यार्थियों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 16 छात्र-छात्राओं का हुआ चयन। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि रियल्टी असिस्टेंट प्रा. लि. कम्पनी में बीटेक के 10 छात्र-छात्राओं वरीशा राहत, अंजलि सिंह, नैन्सी नेगी, अश्वनी निगम, अनुष्का सिंह, समृद्धि श्रीवास्तव, आकांक्षा सिंह, दीपाली सिंह, अनिल कुमार एवं अहद अली, एमबीए (आईएमएस) के चार छात्र-छात्राओं आयुष वर्मा, कु. शिवानी प्रजापति, रितिक कुमार धुसिया एवं महिमा सिंह और एमबीए (लुम्बा) के दो छात्रों हर्ष मिश्रा एवं नोमान अख्तर का चयन सेल्स एक्जीक्यूटिव के पद पर अधिकतम 5.6 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

LOKSATYA PAGE 2

लखनऊ विवि के 16 छात्र-छात्राओं का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय एवम् तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल के प्लेसमेंट ड्राइव में 16 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि रियल्टी असिस्टेंट प्रा. लि. कम्पनी में बीटेक के 10 छात्र-छात्राओं (वरीशा राहत, अंजलि सिंह, नैन्सी नेगी, अश्वनी निगम, अनुष्का सिंह, समृद्धि श्रीवास्तव, आकांक्षा सिंह, दीपाली सिंह, अनिल कुमार एवं अहद अली), एमबीए (आईएमएस) के 4 छात्र-छात्राओं (आयुष वर्मा, शिवानी प्रजापति, रितिक कुमार धुसिया एवं महिमा सिंह और एमबीए (लुम्बा) के छात्रों (हर्ष मिश्रा एवं नोमान अख्तर) का चयन सेल्स एक्जीक्यूटिव के पद पर अधिकतम 5.6 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

एलयू के 16 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 16 छात्र-छात्राओं का हुआ चयन। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि रियल्टी असिस्टेंट प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में बीटेक के 10 छात्र-छात्राओं वरीशा राहत, अंजलि सिंह, नैन्सी नेगी, अश्वनी निगम, अनुष्का सिंह, समृद्धि श्रीवास्तव, आकांक्षा सिंह, दीपाली सिंह, अनिल कुमार एवं अहद अली और एमबीए (आईएमएस) के 04 छात्र-छात्राओं आयुष वर्मा, कु. शिवानी प्रजापति, रितिक कुमार धुसिया एवं महिमा सिंह तथा एमबीए (लुम्बा) के 02 छात्रों हर्ष मिश्रा एवं नोमान अख्तर का चयन सेल्स एक्जीक्यूटिव के पद पर अधिकतम 5.6 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं संकाय के डीन प्रो.एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

TOI PAGE 2

Turnaround: 6 UP univs got top NAAC grades in 2023

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: The year 2023, will be remembered as year of A++ and A+ grades for Uttar Pradesh state universities in National Assessment Accreditation Council (NAAC) evaluation. High grades rained for UP universities which, once, never figured in national and international level rankings.

In UP, Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University (DDU), Gorakhpur, Chaudhary Charan Singh University (CCSU) Meerut, Mahatma Jyotiba Phule Rohillkhand University (MJPRU) in Bareilly, Chhatrapati Shahuji Maharaj University (CSJMU), Kanpur and Bundelkhand University, Jhansi and Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur were awarded new NAAC grades this year.

File Photo



Lucknow University was the first state University to be awarded the highest A++ grade by NAAC in July 2022

YEAR ENDER

The year began with DDU, Gorakhpur University entering the league of top state universities of the country securing an A++ grade from the NAAC in January, getting the highest cumulative grade point average (CGPA) of 3.78 out of 4 in the national level ranking. Before DDU, Lucknow University was the first state University to be awarded the highest A++ grade by NAAC in July 2022, scoring 3.55 CGPA out of 4. In March, CCSU was awarded an A++ grade, scoring a 3.66 CGPA out of 4 in the NAAC evaluation. CCSU applied for NAAC grade the first time in 2001 and was awarded B++. In the second reevaluation in 2016, it got a B+ and from the present year, it holds A++.

In June, MJPRU was awarded an A++ grade by NAAC scoring 3.6 CGPA out of 4. In the previous two assessment cycles in 2005 and 2016, MJPRU had received B+ and B grades, respectively

In November, CSJMU became the fifth university in the state to be awarded an A++. In 2006 and 2015, the university was awarded a B grade.

Just a week back, BU was awarded an A+ grade by NAAC. The University scored 3.46 CGPA out of 4 and improved its grade from B+ awarded in 2017. Around the same time, VBS was awarded an A+ grade by NAAC. The university scored a 3.28 CGPA. VBS Purvanchal University had achieved a B grade in 2004 and a B+ in 2016.

Central university, Dr Babasaheb Bhimrao Ambedkar University, scored an A++ grade in NAAC evaluation scoring 3.72 CGPA out of 4. It improved from 'A' grade it had received in 2015.